# HAPUR POLICE

## प्रेस नोट

**थाना - धौलाना** **दिनांक 22.11.2025**

**ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत थाना धौलाना पुलिस ने अपने घर (जनपद गाजियाबाद) से रास्ता भटक कर थाना क्षेत्र में लावारिस अवस्था में घूम रहे मूकबधिर बच्चे को अथक प्रयास के बाद उसके परिजनों से मिलाया।**

**संक्षिप्त विवरणः-**

आज दिनांक 22.11.2025 थाना धौलाना पुलिस को गस्त के दौरान ग्राम ककराना गेट के पास में एक बच्चा लावारिस अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया, जिससे जानकारी करनी चाही तो बच्चा मूकबधिर होने के कारण कुछ बोल नहीं पा रहा था।

**कार्यवाहीः-**



हापुड पुलिस द्वारा जनपद में चलाये जा रहे ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत थाना धौलाना पुलिस ने अपने घर से रास्ता भटक कर थाना क्षेत्र में लावारिस अवस्था में घूम रहे मूकबधिर मासूम बच्चे को अथक प्रयास के बाद परिजनों से मिलाया।

बच्चे के परिजनों ने बताया कि हमारा बच्चा मूकबधिर है, जो अपने घर (जनपद गाजियाबाद) से बाहर गया था, उसके बाद घर नहीं आया तथा हम लोगों ने काफी स्थानों पर तलाश भी किया था लेकिन इसका कहीं पता नहीं चल पा रहा था। तभी थाना धौलाना पुलिस द्वारा हमसे सम्पर्क किया गया और हमारे बच्चे को हमारे सुपुर्द किया गया है।

अपने बच्चे से मिलकर परिजनों द्वारा हापुड पुलिस का आभार प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गई है।

**बच्चे को परिजनों से मिलाने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 श्री अरुण चौधरी थाना धौलाना जनपद हापुड।
2. उ0नि0 श्री जौहर सिंह थाना धौलाना जनपद हापुड।
3. उ0नि0 श्री अरूण यादव थाना धौलाना जनपद हापुड।
4. उ0नि0 श्री विकलेश यादव थाना धौलाना जनपद हापुड़।